हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 2 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 .0 डिग्री

14 मंत्री विज ने रविदास जयंती पर दिया गर्व से काम करने का संदेश



14 100 कुंडीय महायज्ञ से नशा मुक्त राष्ट्र का संकल्प



## खबर संक्षेप

### हथियार सप्लायर यूपी से पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम असला सप्लायर कलीम अहमद पुत्र अनवर अहमद निवासी बीसतीया मोहल्ला, कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कलीम अहमद ने कैराना यूपी हाल किरायेदार भारत नगर निवासी मुनसाद को अवैध एक देसी पिस्तौल पांच हजार रूपए में बेचना स्वीकार। वहीं, इस मामले में मुनसाद व कलीम अहमद पर थाना सनौली खुर्द में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### खंभे से टकरा पलटी कार

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजा खेड़ी और बबैल के बीच रविवार को तेज रफ्तार सफेद कार का टायर अचानक फट गया। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई और कई पलटे खाते हुए खेतों में पलट गई। इधर, खेत मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसे में कार सवार कितने लोग घायल हुए और इनका उपचार किस अस्पताल में चल रहा है इसका पता नहीं चल सका।

### ट्रेन से कट कर पशुपालक की मौत

**पानीपत।** पानीपत। पानीपत के गांव फरीदपुर के पास करीब साठ वर्षीय गुरदयाल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, गुरदयाल की मौत के सदमे को उनकी बडी बहन बिशन देवी की भी मौत हो गई। जीआरपी की जांच में पता चला कि गुरदयाल पशुपालक था और अपने पशुओं को चराने के लिए खेतों की ओर आया था। इस दौरान एक भैंस रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। गुरदयाल, भैंस को ट्रैक से हटाने लगा और इस दौरान वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में गुरदयाल की मौके पर ही मौत हो गई।

## निर्यातकों और कारोबारियों ने बजट को संतुलित मगर अधूरा बताया

# आम बजट 2026: राइस इंडस्ट्री को राहत, लेकिन उम्मीदें अभी बाकी

**चावल उद्योग को राहत, पर निर्यातकों की कुछ मुद्दों पर अभी और स्पष्टता की आवश्यकता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

केंद्र सरकार द्वारा आज पेश किए गए आम बजट 2026 को लेकर चावल उद्योग से जुड़े निर्यातकों और कारोबारियों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है।

राइस इंडस्ट्री से जुड़े उद्योगपतियों का कहना है कि बजट में कृषि और निर्यात को प्रोत्साहन देने की मंशा तो साफ दिखाई देती है, लेकिन कुछ अहम मुद्दों पर अभी और स्पष्टता की आवश्यकता है।

### फायदा और नुकसान

उद्योगपतियों के अनुसार बजट से चावल उद्योग को इंफ्रास्ट्रक्चर, क्रेडिट सुविधा और एमएसएमई सपोर्ट के रूप में फायदा मिला है, वहीं निर्यात प्रोत्साहन और टैक्स में सीधी राहत न मिलने को नुकसान के रूप में देखा जा रहा है।

### विपक्ष की प्रतिक्रिया

बजट को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बजट किसानों और निर्यातकों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। विपक्षी नेताओं का कहना है कि चावल उत्पादक राज्यों और निर्यातकों के लिए कोई ठोस और सीधी राहत की घोषणा नहीं की गई, जिससे जमीनी स्तर पर लाभ सीमित रहेगा। कुल मिलाकर, राइस इंडस्ट्री ने बजट को संतुलित लेकिन अधूरा बताते हुए सरकार से भविष्य में निर्यातकों और किसानों के हित में और ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### चावल उद्योग को मिलेगा लाभ



राइस एक्सपोर्टर बी डी ओवरसीज के सीएमडी प्रवीन गर्ग ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार द्वारा कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने के प्रस्ताव से चावल उद्योग को सीधा लाभ मिलेगा। इससे किसानों के साथ-साथ निर्यातकों की लागत भी कम होगी।

### सरकार की सकारात्मक सोच



डबल चाबी बासमती चावल के निर्माता एवं निर्यातक पुष्कर गोयल का कहना है कि निर्यात को लेकर सरकार की सकारात्मक सोच स्वागत योग्य है, लेकिन बासमती चावल के निर्यात पर लगने वाली प्रक्रियाओं को और सरल करने की जरूरत है। यदि नियमों में ढील दी जाती है तो भारत का बासमती चावल वैश्विक बाजार में और मजबूत स्थिति बना सकता है।

### छोटे मिलर्स पर दबाव बना रह सकता है



इसी कड़ी में 521 बासमती चावल के निर्माता पंकज गोयल ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रावधान सकारात्मक हैं, लेकिन चावल उद्योग को बिजली, डीजल और परिवहन लागत में राहत न मिलने से कुछ हद तक निराशा भी है। इससे छोटे और मध्यम राइस मिलर्स पर दबाव बना रह सकता है।

### राइस मिलर्स को मिलेगा फायदा



गैलेक्सी बासमती चावल के एक्सपोर्टर विजय गोयल ने कहा कि बजट में एमएसएमई सेक्टर को राहत मिलने से राइस मिलर्स और एक्सपोर्टर्स को फायदा होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती उत्पादन लागत और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा को देखते हुए निर्यात सब्सिडी पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।

## किसानों और सरकार के बीच छिड़ी जुबानी जंग; विपक्ष ने बताया 'ठेंगा', सत्ता पक्ष ने कहा 'ऐतिहासिक'

**करनाल।** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को जारी किए गए बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) ने इसे किसानों के साथ क्रूर मजाक बताया है, जबकि भाजपा नेताओं ने इसे हर वर्ग का कल्याण करने वाला बजट करार दिया है।

### किसानों को मिली भारी निराशा:



भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने तीखे शब्दों में कहा कि पिछले 11 वर्षों की तरह इस साल भी किसानों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में किसानों को 'ठेंगा' दिखाने का काम किया है। मैहला ने मांग की थी कि खाद, दवाई, बीज और आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे ट्रैक्टर पर लगने वाले टैक्स में कटौती होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने टैक्स कम नहीं किया। उन्होंने कर्ज माफी और एमएसपी गारंटी कानून पर सरकार की चुप्पी को लेकर भी घेरा और कहा कि आय बढ़ाने के नाम पर केवल झूठा प्रचार किया जा रहा है।

### विकास की गंगा बह रही है: त्रिलोचन सिंह



दूसरी ओर, हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन और भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए इसे जनहितैषी बजट बताया। उन्होंने कहा कि इसमें युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और कर्मचारियों का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच के अनुरूप करनाल और पानीपत विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हैं।

# जिले में चोरों ने चार स्थानों को निशाना बनाकर चुराया लाखों रुपये का सामान

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



जिले में चोरों ने चार अलग-अलग स्थानों पर सूने घरों व दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने चारों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव कलानौर निवासी उर्मिला ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 21 जनवरी को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ बाहर गई हुई थी। जब वह 29 जनवरी को घर वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखी चांदी की दो जोड़ी पाजेब, एक कड़ा, एक सोने की चेन व अन्य आभूषण गायब मिले। जिसकी कीमत करीब दो लाख 60 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दुकान और सरकारी स्कूल में चोरी

गांव तलाकौर निवासी गुलशेर ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी थाना छप्पर में दुकान है। चोरों ने 30 जनवरी की रात को दुकान का ताला तोड़कर अंदर से 15 हजार रुपए की नकदी, पेंट जींस, कमीज, पटाखे, चश्मा, जैकेट, टी-शर्ट, परफ्यूम, पर्स, अंडरगारमेंट, कोट पैंट व अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। इसी प्रकार चोरों ने शहर के राजकीय प्राथमिक स्कूल नंबर एक का ताला तोड़कर वहां से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने स्कूल की प्रिंसिपल की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राजीव गार्डन में सूने मकान का ताला टूटा

शहर की राजीव गार्डन निवासी विजय लक्ष्मी ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 28 जनवरी को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए थी। 31 जनवरी को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर से सामान गायब मिला। जांच करने पर घर से एक लैपटॉप, दो चांदी की मूर्तियां, नकदी व अन्य सामान गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। उसने बताया कि घर से चोरी हुए सामान की कीमत एक लाख 17 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रास्ते में रोक कर महिला के साथ छेड़छाड़

**पुलिस ने दो आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कस्बा छछरौली में दो युवकों ने महिला को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कस्बा छछरौली निवासी 24 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि आरोपी रणजीत व भावना उसका पीछा कर काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। जब भी वह घर से बाहर जाती तो आरोपी उसका पीछा शुरू कर देते। पीड़िता ने बताया कि तीन सितंबर 2025 को वह कस्बे में ही किसी काम से जा रही थी।।इस दौरान आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उसने विरोध जताया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ करते रहे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कोर्ट हुआ सख्त

**कोर्ट ने सब इंस्पेक्टर व दो महिला कांस्टेबल को सजा दी, तीन थानेदारों समेत कई पर केस दर्ज करवाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत की विभिन्न अदालतों ने न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने, आदेशों की अवहेलना करने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामलों में पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की है। अदालतों ने कड़ा संदेश दिया है कि न्याय में देरी या पुलिसिया लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने हुडा सेक्टर 29 के थानेदार अनिल अपराधिक केस में संज्ञान लेते हुए पुलिस कप्तान, पानीपत से रिपोर्ट तलब की है। वहीं कोर्ट इस केस में सात फरवरी को सुनवाई करेगा। जबकि किला थाना के एसएचओ श्रीनिवास पर बीएनएसएस की धारा 223 के तहत थानेदार को सुनवाई का अवसर देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। साथ ही एसपी पानीपत से इस घटना की रिपोर्ट तलब की गई है।

इधर, कोर्ट ने थाना तहसील के पूर्व एसएचओ राजीव कुमार को अपराधिक केस में आरोपी को नाबालिग घोषित करने की अर्जी पर रिपोर्ट और हलफनामा दाखिल करने में अत्यधिक देरी की। बार बार अवसर दिए जाने पर जवाब पेश नहीं किया। कोर्ट ने राजीव के खिलाफ बीएनएस की धारा 208(बी) और 210(बी) के तहत आरोप तय कर दिए गए हैं। कोर्ट इस केस में 17 फरवरी को सुनवाई करेगा। इधर, कोर्ट ने समन स्टाफ में तैनात हैड कांस्टेबल राजबीर सिंह दो गवाहों के खिलाफ जारी जमानती वारंट को तामील करने में लापरवाही बरती और केवल फोन पर सूचना देने की रिपोर्ट लगाकर वापस करने के मामले में राजीबीर के खिलाफ बीएनएस की धारा 207 (बी) के तहत संज्ञान लेते हुए आठ अप्रैल के लिए समन जारी किए गए हैं।

दूसरी ओर, कोर्ट ने कांस्टेबल अजय ने व्यक्तिगत रूप से समन तामील होने के बावजूद तीन जुलाई 2024 को अदालत में गवाही देने के लिए पेश नहीं हुए। वहीं, कोर्ट ने इसे आदेशों का उल्लंघन और धारा 174 आईपीसी के तहत अपराध मानते हुए अजय को समन किया गया है।

## चार प्रॉपर्टी डीलरो ने पुलिस कर्मचारी की जमीन हड़पने का किया प्रयास

**नारायणगढ़।** मंगत माजरा गांव में एक महिला पुलिसकर्मी के पति को नशे का आदी बनाकर उसकी करोड़ों की जमीन और घर हड़पने का प्रयास किया गया। पुलिस ने इस संबंध में चार प्रॉपर्टी डीलरों सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंबाला पुलिस लाइन में तैनात रजनी बाला ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि साल 2022 में उनकी सास की मृत्यु के बाद गांव के ही सुलेमान, दीनु, बलिया और सढौरा के विक्की ने उनके पति गुरमीत सिंह को अपने जाल में फंसा लिया। रजनी के मुताबिक, जब वह ड्यूटी और बच्चों की पढ़ाई के कारण अंबाला शहर में थीं, तब इन आरोपियों ने उनके पति को नशे की लत लगा दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने कोर्ट में सिविल सूट डाला तो आरोपियों ने उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी और घर के ताले तोड़कर कब्जे का प्रयास किया।

## अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यज्ञमंडप पर उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

अरूणाय रोड स्थित गांव धनीरामपुरा में पिछले पांच दिनों से भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य एवं मंदिर के महंत भीम पुरी की देखरेख में चल रहा 29वां मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ पांच लाख आहुतियों, संत समागम, सैकड़ों कन्याओं का पूजन, विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ।

मंदिर के सेवादार व सरपंच विकल चौबे ने बताया कि यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 41 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 41 यजमानों से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से पूणाहुति डलवाई गई। डा. अभिषेक कुश ने बताया कि अलसुबह से ही महायज्ञ स्थल पर पूजा एवं यज्ञमंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा रही।

# हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है संत समाज: विद्या



पिहोवा। पूणाहुति में भाग लेते संत महात्मा व श्रद्धालुगण।

ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तियम नजर आ रहा था।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे महामंडलेश्वर महंत विद्या गिरी, श्री संगमेश्वर धाम के महतं विश्वनाथ गिरी, महंत ईश्वर दास कैथल, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत राजेंद्र पुरी, स्वामी मारकण्डेय पुरी, स्वामी निर्भय गिरी, स्वामी महेश पुरी, आशुतोष पुरी, स्वामी चमन गिरी, महंत तरणदास, सहित अनेक संत महात्माओं व समाजसेवी अवतार वालिया, शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता, नवीन गर्ग, अक्षत वालिया, विपिन काहडा, डा. सतीश सैनी, भाजपा मंडलाध्यक्ष प्रिंस मंगला, महिला मंडलाध्यक्ष गीता शर्मा, गुलशन शर्मा, रोकी शर्मा, रामलाल अरनैचा, गुरनाम मलिक सहित अनेक गण्यमान्यजनों सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में पूणाहुति डालकर व मां बगलामुखी मंदिर में सुखमय जीवन की कामना की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नवीन गर्ग, देवेंद्र जिंदल, राकेश बधवार, मनीष कौशिक, सुरेंद्र बंसल, संदीप नंबरदार, देवीदयाल शर्मा घराडसी, गगन सिंगला, बंटा गर्ग, सचिन तायल, जगीर मोर सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

**हवन**

## ड्रग एडिक्शन काउंसलर डॉ. हर्ष वत्स ने नशे के दुष्परिणामों पर डाला प्रकाश

# नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत डीएवी सेंटेनरी स्कूल ने किया 101 कुंडीय हवन

**युवाओं को दिया नशा मुक्ति का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

डीएवी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल द्वारा देवी मंदिर इंद्री मे नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आर्य युवा समाज के तत्वाधान में 101 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार कश्यप, काउंसलर ड्रग एडिक्शन करनाल हर्ष वत्स, मंदिर सुधार सभा प्रधान पवन सिंगला व विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता पांडेय उपस्थित रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा विशेष रूप से युवाओं को नशा जैसी घातक सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। हवन के माध्यम से नशा-मुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित राष्ट्र की कामना की गई। डॉ. हर्ष वत्स ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना आज समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सही मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग और सकारात्मक सोच से नशे की लत से छुटकारा पाया जा सकता है।



इंद्री। देवी मंदिर इंद्री मे 101 कुंडीय हवन करते आयोजक व मुख्य अतिथि।

### शिक्षा संग संस्कार, नशा-मुक्ति संदेश

विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता पांडेय ने कहा कि डीएवी. संस्था का सदैव यह प्रयास रहा है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में श्रेष्ठ संस्कारों का विकास किया जाए। नशा-मुक्ति की यह मुहिम डीएवी. संस्था द्वारा समय-समय पर निरंतर चलाई जाती है, ताकि छात्र एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण हेतु हम सब मिलकर संकल्प लें और इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाए । कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए नशा-मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया।

## बस में सवार महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**यमुनानगर।** यमुनानगर बस स्टैंड पर बस में सवार महिला के गले से अज्ञात व्यक्ति ने दो तोले की सोने की चेन चोरी कर ली। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव नखरौजपुर निवासी साक्षी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 31 जनवरी को दोपहर डेढ़ बजे यमुनानगर बस स्टैंड पर पोंटा साहिब जाने वाली बस में चढ़ी थी। बस में भीड़ अधिक थी। इस दौरान अज्ञात ने उसके गले से सोने की चेन चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये है। जब उसे अपने गले से सोने की चेन गायब मिली तो उसने शोर मचा दिया और चैन को ढूंढने का प्रयास किया। मगर उसकी चेन नहीं मिली। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

- अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपी युवती की अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ गलत काम करता रहा। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 26 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नितिन गुप्ता के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा और उसे शादी करने के लिए कहने लगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। 19 जुलाई 2025 को आरोपी नितिन गुप्ता ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उसे मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर उसे मानसिक व शारीरिक तौर पर परेशान किया। इसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### संत संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय संत परंपरा में संत रविदास जी का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया। संत रविदास की शिक्षाएं निस्वार्थ कर्म, मानवता और आंतरिक पवित्रता पर आधारित है। संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने संत संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संत संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा संत रविदास जी ने युगों युगों तक अपने विचारों और शिक्षाओं से लाखों लोगों का मार्गदर्शन किया और प्रेरणा दी। कार्यक्रम में चेतन, सचिन, गौरव, फरीद एवं सुरेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### रविदास की शिक्षाओं से मिली समाज को नई दिशा

**पिहोवा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर पिहोवा हल्का के अनेक गांवों में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर संत गुरु रविदास जी को नमन किया। कार्यक्रमों में पहुंचने पर डीडी शर्मा का श्रद्धालुओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें गुरु रविदास की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। डीडी शर्मा अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सत्य, कर्म, भक्ति और मानव समानता का अनुपम उदाहरण है। गुरु रविदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच और आडंबर को समाप्त करने का संदेश दिया तथा सभी को समानता और भाईचारे के सूत्र में बांधने का कार्य किया।

### जेसीआई कुरुक्षेत्र के प्रधान बने आशीष



**कुरुक्षेत्र।** जूनियर चैम्बर इंटरनेशनल (जेसीआई) संगठन की कुरुक्षेत्र इकाई की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में 46वें शपथ ग्रहण समारोह में जेसीआई के नए प्रधान एडवोकेट आशीष मल्होत्रा और उनकी पूरी टीम ने शपथ ग्रहण की। संस्था के पूर्व प्रधान संदीप मारवाह ने नए प्रधान एडवोकेट आशीष मल्होत्रा को पदभार सौंपा। इस भव्य कार्यक्रम ने जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके अलावा जोन अध्यक्ष अमित गौड़ ने भी विशेष रूप से भाग लिया। नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट आशीष मल्होत्रा को संस्था की प्रथम महिला एडवोकेट पूर्णिमा मल्होत्रा की उपस्थिति में अमित गौड़ ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# बजट 2026 किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

**तरावड़ी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट 2026 पर देशभर के छोटे दुकानदारों, महिला उद्यमियों और ज्वेलरी कारोबार से जुड़े व्यापारियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। बजट को सरकार ने समावेशी विकास और आर्थिक मजबूती की दिशा में कदम बताया है, वहीं जमीनी स्तर पर व्यापारी वर्ग इसे उम्मीदों और निराशाओं का मिश्रण मान रहा है।**

### छोटे दुकानदारों के लिए क्या खास



दुकानदार हरीश बतरा का कहना है कि बजट में छोटे दुकानदारों और एमएसएमइ सेक्टर को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सरकार ने एमएसएमइ के लिए विशेष ग्रोथ फंड, आसान ऋण व्यवस्था और डिजिटल भुगतान प्रणाली को और मजबूत करने की बात कही है। इसके साथ ही व्यापारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ट्रेडर्स प्लेटफॉर्म को प्रभावी बनाने की घोषणा की गई है, जिससे छोटे दुकानदारों को बड़ी कंपनियों से भुगतान मिलने में आसानी होगी।

### ज्वेलर्स को नहीं मिली राहत




सर्राफा और ज्वेलरी कारोबार से जुड़े व्यापारियों को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं। ज्वेलर्स लंबे समय से सोने-चांदी पर आयात शुल्क और जीएसटी में कमी की मांग कर रहे थे, ताकि बढ़ती कीमतों के बीच ग्राहकों को राहत दी जा सके। लेकिन बजट में इस दिशा में कोई स्पष्ट घोषणा न होने से ज्वेलरी बाजार में निराशा देखने को मिली। रवि ज्वेलर्स का कहना है कि सोने-चांदी की कीमतें पहले ही ऊंचे स्तर पर हैं और टैक्स में राहत न मिलने से शादी-विवाह और त्योहारी सीजन में बिक्री प्रभावित हो सकती है।

### महिलाओं के लिए नए अवसर



महिला अमिता का कहना है कि बजट में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए लखपति दीदी जैसी योजनाओं को और विस्तार देने की बात कही गई है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं स्वरोजगार की ओर बढ़ सकें। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए छात्रावास, प्रशिक्षण और कौशल विकास से जुड़े प्रावधान भी बजट का हिस्सा बने। लेकिन महिलाओं स्वरोजगार के लिये सरकार का सहयोग जरूरी है।यह बजट स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में सकारात्मक संकेत देता है, लेकिन योजनाओं का सही लाभ तभी मिलेगा जब उन्हें तेजी से जमीन पर उतारा जाए।

### व्यापारी वर्ग की प्रतिक्रिया



कुल मिलाकर बजट 2026 को लेकर व्यापारी वर्ग की प्रतिक्रिया संतुलित रही। छोटे दुकानदारों को उम्मीद है कि ऋण और भुगतान सुधारों से उन्हें कामकाज में सुविधा मिलेगी, महिलाएं बजट को नए अवसरों का द्वार मान रही हैं, जबकि ज्वेलर्स को अभी भी कर राहत का इंतजार है। व्यापार संगठनों का कहना है कि बजट की असली तस्वीर आने वाले महीनों में सामने आएगी, जब घोषणाओं का असर जमीन पर दिखेगा।

## विधायक रामकुमार ने विश्रामगृह में बजट को सुना



इंद्री। विश्राम गृह इंद्री मे वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट को सुनते विधायक रामकुमार कश्यप व भाजपा कार्यकर्ता।

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्रामगृह के सभागार में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अपना लगातार नौवां बजट पेश किया। विधायक ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट विकास, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसान, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी का विशेष ध्यान रखा गया है। विधायक ने कहा कि बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों के लिए की गई घोषणाएं उनकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी, वहीं युवाओं के लिए कौशल विकास व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट आने वाले समय में देश और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस मौके पर मार्केट कमेटी इंद्री के चेयरमैन महेंद्र सिंह पंजोखरा, मार्किट कमेटी वायस चेयरमैन दीपक बंसल, रमन सैनी, राममेहर शर्मा, सुदर्शन बजाज, नरेश प्रजापति, सेठपाल वर्मा, जयदेव कश्यप, सचिन कांबोज, रणधीर कंबोज व पालाराम आदि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डाक टिकट प्रदर्शनी का समापन



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में डाक विभाग करनाल डिवीजन के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय समारोह का समापन हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर और विशिष्ट अतिथि निदेशक राधिका धीर ने विजेताओं को सम्मानित किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह और प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में अर्शिया गांगुली, तमन्ना, कुणाल और कशिश ने शानदार गायन प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में डा. बीर सिंह, डा. कृष्ण अरोड़ा, डा. देवी भूषण और मास्टर राजेश को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संजय कुमार, अरजिंद्र सिंह, ममता शर्मा, रूचिका और डा. बलजीत कौर सहित भारी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा।

# सीआईए-3 ने 14 शातिर अपराधियों को दबोचा



**करनाल।** पुलिस अधीक्षक करनाल के दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए-3 इकाई ने एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले दो बड़े संगठित गिरोहों का भंडाफोड़ किया है। निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जंगशेर सिंह व मुख्य सिपाही जितेंद्र सिंह की टीम ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों की पहचान विजय, रवि कुमार, अजय उर्फ चाटू, रवि प्रकाश उर्फ चौटाला, प्रवीन कुमार उर्फ पतला, हेमराज उर्फ अमन, राकेश उर्फ बच्ची, विक्रम उर्फ विक्की, सोनू (सभी निवासी भुखापुरी, निगदू), राहुल उर्फ दीपक (हैबतपुर), कमल (कैथल), बिट्टूराम (रायसन दयानगर), करनैल सिंह उर्फ गंजा (निगदू) और पवन कुमार (अमीन, कुरुक्षेत्र) के रूप में की है। प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज शर्मा की शिकायत पर निसिंग क्षेत्र में हुई चोरी के बाद पुलिस ने इन्हें दबोचा। इनके कब्जे से 2,40,000 नकद और दो महिंद्रा पिकअप गाड़ियाँ बरामद की गई हैं। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के आदेश पर जिला जेल भेज दिया गया है।

### बेटियों ने हर क्षेत्र में क्षमता को साबित किया

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि दयानन्द विवि. रोहतक के बॉटनी डिपार्टमेंट व ईएसएम सेल के सयुंक्त तत्त्वाधान में वनस्पति विज्ञान की 30 छात्राओं ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामो के बारे में जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने इस दौरान गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला, गोबर गैस प्लांट, जीमामृत, घनजीवामृत निर्माण केन्द्र, गुरुकुल शिक्षा पद्धति, नेचुरोपैथी के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स इन नेचुरल फार्मिंग के पूरे होने पर गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल व देशभर में प्राकृतिक खेती को नई पहचान दिलाने वाले कृषि-ऋषि आचार्य देवव्रत द्वारा सभी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# तपस्वी बनें और फास्ट फूड की जगह प्राकृतिक आहार अपनाएं : आचार्य देवव्रत

*गुरुकुल नीलोखेड़ी में आयोजित इंट्रेक्शन कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी





नीलोखेड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य। देवव्रत

गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि हर माता-पिता की अपने बच्चों के प्रति आकांक्षाएं छिपी होती हैं और उन आकांक्षाओं को पूर्ण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। वे आज गुरुकुल नीलोखेड़ी में आयोजित इंट्रेक्शन कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि यदि मनुष्य की नियत साफ हो तो मंजिल आसान हो जाती है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि फास्ट फूड, चाउमीन और बर्गर के कारण छोटे बच्चों को कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। इसके समाधान के लिए उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र गुरुकुल में विशेष बेकरी और गौशाला स्थापित की गई है, ताकि बच्चों को शुद्ध दूध और जहर मुक्त आहार मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि वे 50 से 100 एकड़ जमीन लीज पर लेकर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसमें गाय के गोबर का उपयोग खाद के रूप में किया जाता है ताकि रासायनिक रहित अनाज और सब्जियां उगाई जा सकें। आचार्य देवव्रत ने बच्चों से आह्वान किया कि वे मोबाइल और टीवी का त्याग कर 'तपस्वी' बनें। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत अब तक 40 से 45 बच्चे आईआईटी, नीट और एनडीए में चयनित हो चुके हैं और यह केवल प्रारंभिक लक्ष्य है। उन्होंने बच्चों से पूरी मेहनत और लगन के साथ राष्ट्र के नवनिर्माण में योगदान देने की अपील की।

#### ये रहे उपस्थित

इस विशेष अवसर पर राज्यपाल के साथ ओएसडी डा. राजेंद्र सिंह, प्रिंसिपल अर्जुन देव, दिनेश आर्यकुलम, महेंद्र सिंह, शिव कुमार, कोचिंग अकादमी के निदेशक राम और अतुल आदि मौजूद रहे।

# महिला पतंजलि योग समिति ने गांव मुरादगढ़ में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

- शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया



इंद्री। रक्तदाताओं को बेंज लगाते मार्किट कमेटी के चेयरमैन महिन्द्र पंजोखरा ।

महिला पतंजलि योग समिति की मुख्य केन्द्रीय प्रभारी ड़ा. देवप्रिया के जन्मदिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति मुरादगढ़ व समस्त गांव वासियों के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर मे इंद्री मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र पंजोखरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं को बैंज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर ड़ा. सुरेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रक्त एकत्रित करने में सिविल अस्पताल करनाल की टीम ने सहयोग किया। महिंद्र पंजोखरा ने कहा कि रक्तदान ही सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान को सच्चा महादान बताया।

### सड़क निर्माण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक पर सड़क निर्माण को लेकर नगर के लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कहा कि जानकारी मिली है कि ब्लाक की सड़क बनाई जा रही है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह सड़क को सी सी युक्त सड़क बनाई जाए जबकि जाखौली व पूंडरी देबवन में भी सी सी युक्त सड़क बनाई गई है। लेकिन राजौंद जैसे इतने बड़े शहर में ब्लाक की सड़क बनाने की बात सामने आई है। जो नगर के लोग बिल्कुल भी सहन नही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से लोग लगातार नरक भोग रहे है। दुकानदारों का धंधा चौपट होकर रह गया है। इंतजार के बाद भी अगर सीसी युक्त सड़क नही बनी तो नगर का कोई भी व्यक्ति इसे सहन नही करेगा।

# शिविर में 162 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में लगे निशुल्क मेगा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाते विधायक राम कुमार कश्यप व मरीज ।

हरियाली कल्याण समिति द्वारा आदेश अस्पताल के सहयोग से खंड पंचायत एवं विकास कार्यालय इंद्री के सभागार में निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनरल मेडिसिन,नेत्र रोग, हड्डी रोग,कान, नाक व गला रोग और शिशु रोग व दंत रोग विशेषज्ञों ने लगभग 162 लोगो की जांच की। शिविर में आए मरीजों की ई.सी.जी, ब्लॉड शुगर टेस्ट, बी.पी. चैकअप जैसी जांच निशुल्क की गई। इसके अलावा रोगियों को मुफ्त दवाओं का भी वितरण किया गया। कैंप में विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधायक कश्यप ने कहा कि इस तरह के जांच शिविर हर जगह लगाए जाने चाहिए ताकि लोगों को घर के पास ही चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित की कई योजनाएं चलाई गई हैं। लोगों को इनका लाभ उठाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष अनुज गर्ग ने बताया कि शिविर के द्वारा आदेश अस्पताल जाने वाले मरीजों को टोकब टेस्ट, अल्ट्रासाउंड एक्स-रे, एम आर आई व सी टी स्कैन पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इस मौके काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता व

## झगड़े में धक्का देने से बुजुर्ग की मौत, पत्नी गंभीर

**जींद।** गांव हथो में बीती रात झगड़े के दौरान धक्का दिए एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बुजुर्ग पत्नी घायल हो गई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पोते की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हथो निवासी बुजुर्ग भल्लेराम (80) की पुत्रवधु के साथ पड़ोसी कुलदीप परिवार की कहासुनी हो गई। उस दौरान मामला शांत हो गया। शाम का कुलदीप परिवार भल्लेराम के मकान में घुस आया और मारपीट करने लगे। बुजुर्ग भल्लेराम तथा उसकी पत्नी भरपाई बीचबचाव करने लगे। कुलदीप परिवार ने बुजुर्ग दंपत्ति को धक्का दे दिया। जिसमें भल्लेराम का सिर चारपाई से जा लगा। उसकी पत्नी भरपाई का सिर जमीन से लगा। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गुरु रविदास संत के साथ-साथ बड़े समाज सुधारक भी थे : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि श्री गुरु रविदास एक महान संत के साथ साथ एक बहुत बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने सत्य पर चलते हुए मानवता का संदेश दिया और ऊंच नीच के भेदभाव के साथ सामाजिक कुरीतियों को भी दूर करने का काम किया। उनके संदेश व शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। वे श्री गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर श्री गुरु रविदास मंदिर में आयोजित जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत एसई एसपी सरोहा, नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, फारेस्ट रेंज आफिसर सतबीर कैत, पूर्व न्यायाधीश तारा चंद तंवर, सेवानिवृत अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा डा आर आर फुलिया, डा सुरेश, प्रो फकीर चंद, बीएसएनएल से सेवानिवृत एसडीओ लख्मी चंद ने जयंती समारोह में शिरकत की। सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में समाज के लोगों को श्री गुरु रविदास जयंती की बधाई दी।

## घरौंडा में गुरु रविदास जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई

# संत किसी एक जाति-बिरादरी के नहीं होते : ऐशाना

- विस अध्यक्ष हरविंद्र की पुत्री ऐशना कल्याण रही मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा विधानसभा के कई गांवों में आज गुरु रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि स्पीकर हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण इलाके के गांवों में गुरु रविदास जी की जयंती समारोह में शामिल हुई। उन्होंने कहा की हमें श्री गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। गुरु रविदास जी सदैव जातपात से उपर का संदेश देते रहे और सभी वर्गों के उत्थान उनके खुशहाल जीवन के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा संत महापुरुष किसी एक जाति बिरादरी के नहीं होते। संत महापुरुषों ने सदैव सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। ऐशना कल्याण ने कहा की संतो का आशीर्वाद हमारे लिए अति महत्वपूर्ण है। हमे बढ़चढ़ कर संतो महापुरुषों की जयंती धूमधाम से मनानी चाहिए इससे हमारी संस्कृति और अधिक मजबूत होगी। घरौंडा इलाके के गांव स्टौंडी, गग़सीना, घरौंडा, ऊंचा समाना, रावर, गंजो गढ़ी, अमृतपुर, कुटेल, मुबारकबाद, पनोडी, जमालपुर, कलहेडी, डिंगर माजरा, कैमला में श्रद्धालुओं ने संत गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई। स्पीकर हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण गुरु रविदास जयंती में शामिल हुई। अलग अलग गांवों में ग्रामीणों ने ऐशना कल्याण का जोरदार अभिनन्दन किया, ऐशना कल्याण ने सभी को गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नंबरदार और पुलिस का कार्य एक दूसरे की मदद करना : गुरनाम

**लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में हरियाणा नंबरदार एसो. की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य।

लाडवा के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लाडवा थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन प्रधान सुभाष चंद ने की। बैठक की शुरूआत संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं शीश झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने कहा कि नंबरदार और पुलिस का कार्य एक-दूसरे की मदद करना है। यदि नंबरदार चाहें तो गांवों के अधिकांश मामलों को कोर्ट-कचहरी या थाना स्तर पर ले जाए बिना गांव की पंचायत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है, जिससे अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नंबरदार एक ऐसा पद है जो कभी समाप्त नहीं होता और हम सभी को इसकी गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### यूजीसी बिल को लेकर हुई बैठक

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलमाणा में यूजीसी बिल को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष रोशन बिडलान ने की। उन्होंने यूजीसी बिल को विश्वविद्यालयों व कालेजों में अनुशासन समानता को मजबूती प्रदान करने वाला बताया। बैठक में प्रदेश सचिव नरेश तुशामड, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इशम सिंह जलमाणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह, जितेन्द्र पुहाल अध्यक्ष समालखा विधानसभा सचिन बैद व अन्य सम्मानित व्यक्तिगण मौजूद रहे ।

### पशु प्रदर्शनी के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की

**पानीपत।** राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में पशुपालकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष परिवहन व्यवस्था की गई है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पानीपत से कुरुक्षेत्र के लिए चलने वाली दैनिक बसों की संख्या को 7 से बढ़ाकर 16 कर दिया गया है, ताकि पशुपालकों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### संत रविदास जयंती पर यज्ञ किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ स्थित गुरु रविदास मंदिर में संत गुरु रविदास जयंती पर यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन रविदास सभा कुराड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर गांव की सरपंच प्रतिनिधि टिंक्कू देशवाल, श्याम चंद, संजय , धनपत, जयनारायण, बलबीर, सतीश कुमार, राहुल, राजाराम, ताराचंद, संजीव, गुरनाम, रोशन, अजय, प्रेम, रतिक, जिले सिंह, पारशनाथ आदि उपस्थित रहे।

### हरेरा के बिल्डर को भुगतान के आदेश

**पानीपत।** हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (एचआरईआरए) ने पानीपत के हुडा सेक्टर-19 स्थित "एस्ट्रम ला रेगेंस" प्रोजेक्ट में फ्लैट कब्जे में देरी को लेकर बिल्डर के खिलाफ सख्त फैसला सुनाया है। अथॉरिटी ने बिल्डर को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता खरीदारों को उनके द्वारा जमा की गई राशि पर कब्जा मिलने तक की देरी के लिए निर्धारित दर से ब्याज का भुगतान करें। स्मरणीय है कि पानीपत निवासी चेतना आनंद व सौरभ आनंद ने "एस्ट्रम वैल्यू होम्स प्राइवेट लिमिटेड" और "स्टैंजा डेवलपर्स" के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### एमएल वर्मा को नमन किया

**पानीपत।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के प्रधान सचिव रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एमएल वर्मा की शहादत को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह उनका 34वां शहीदी दिवस है। पानीपत में ऐतिहासिक किला स्थित एमएल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुरेश वर्मा, पिंकी बराड़ा, विशाल वर्मा, विकास वर्मा, सुशील शर्मा, प्रिंस सहगल, बिशम वर्मा, संदीप, शुभम व नितिन आदि उपस्थित रहे।

### डीएलएसए पैनल वकीलों की नियुक्ति करेगा

**पानीपत।** जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पानीपत के पैनल में शामिल होकर जरूरतमंदों को कानूनी सहायता देने के लिए, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष डीएलएसए के मार्गदर्शन में 25 पैनल वकीलों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए प्राधिकरण को कुल 108 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका साक्षात्कार छह व सात फरवरी को होंगे।

### एसआई चंद्र रिटायर हुए

**पानीपत।** हरियाणा पुलिस विभाग में कार्यरत सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र अपने निर्धारित सेवा काल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। वे एसपी पानीपत सुरक्षा शाखा कार्यालय की ओर से मतलौडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुफिया विभाग में तैनात रहे। इधर, जगदीश की सेवानिवृत्ति पर एसपी खुफिया विभाग सुरक्षा शाखा कार्यालय, पानीपत में सम्मान समारोह हुआ।

## बजट देगा प्रदेश में विकास कार्यों को रफ्तार : प्रमोद विज

# देश को तरक्की की राह पर तेजी से आगे ले जाएगा मोदी सरकार का बजट : पंवार

- सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पेश किया बजट : दुष्यंत भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत



पानीपत। भाजपा कार्यालय में बजट भाषण श्रवण करते हुए मंत्री कृष्ण पंवार, विधायक प्रमोद विज, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, आदि।

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में केंद्र सरकार के वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के लोकसभा में दिए गए बजट प्रस्तुतिकरण भाषण को सुनने के लिए बड़ी तादाद में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की देखरेख में आयोजित किया गया। हरियाणा के केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, जिला महामंत्री सुनील कंसल, सुमित जागलान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। दूसरी ओर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार की आर्थिक योजनाओं के कारण डिजिटलीकरण और कर सुधारों ने व्यवसायों को औपचारिक स्वरूप अपनाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए खुशी की बात है कि हरियाणा सरकार ने चिराग योजना का विस्तार करके शिक्षा को सामाजिक न्याय से जोड़ने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। अब आठ लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा। चिराग योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलवाकर सरकार फीस की प्रतिपूर्ति करेगी। अब उन बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा जिनकी प्रतिभा संसाधनों की कमी में दबकर रह जाती थी। विधायक प्रमोद विज व जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारत ने वैश्विक शक्ति का नया अध्याय लिखते हुए मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स मुक्त व्यापार समझौता करके भी एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इसका पानीपत के उद्योगपतियों को भी विशेष लाभ मिलेगा।

### इन्होंने की प्रशंसा

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, राजेंद्र शर्मा हलदाना, रविंद्र भाटिया, इरफान अली, अनीता चावला, कृष्ण दुग्गल, डा. प्रेम सहरावत, जगबीर आर्य, राजेश भारद्वाज, डा. हेमा रमन, लोकेश नांगरू, संजय त्यागी, राजेश शर्मा, सोनिया गाबा, सुदेश शर्मा, बबीता रानी, संजय अग्रवाल, ज्योति शर्मा, मेघराज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, गौरव लिखा, रेशमा राजपूत , नेहा शर्मा व सह मीडिया प्रमुख तरुण पसरीजा आदि ने मोदी सरकार के बजट की जमकर प्रशांसा की।

### बजट पूरी तरह से जनहितकारी

*इधर, मंत्री पंवार ने कहा कि मोदी सरकार के बजट जहां देश को तरक्की की राह पर तेजी से आगे ले जाएगा। वहीं, बजट पूरी तरह से जनहितकारी है। देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से सामान्य वर्ग में आना बहुत ही गर्व की बात है। मोदी सरकार के बजट में आत्मनिर्भर भारत को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नया बजट भारत के भविष्य के लिए नई और सही राह दिखलाने का माध्यम बनेगा। वहीं, भारत में हो रहा परिवर्तन विकास की गति से अधिक उसकी प्रकृति एवं स्वरूप में आया बदलाव अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। विपक्षियों की सरकारों के शासन के दौरान बनाई गई असंतुलित अर्थव्यवस्था से देश को बाहर निकाल कर सरकार ने एक ऐसी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाए हैं जो पूंजीगत व्यय, डिजिटल आधारभूत ढांचे और संस्थागत क्षमताओं पर आधारित हैं।*



पानीपत। संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर मुख्यातिथि नवीन भाटिया को स्मृति

# गुरु रविदास की शिक्षाओं को अपनाएं : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

विश्व मानवता के महान विद्वान संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती सनौली रोड वार्ड 10 रविदास धर्मशाला में पूरी श्रद्धा एवं सम्मान के मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान ओम प्रकाश ने की। इससे पूर्व सनौली रोड पर एक प्रभात फेरी निकाली गई जो रामायणी चौक से होते हुए वापिस रविदास धर्मशाला में आकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश सामाजिक समरसता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है। गुरु रविदास के बताए गए 'समानता' और 'भाईचारे' के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। संत रविदास ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने उस समय समाज को राह दिखाई जब देश में छुआछूत, ऊंच-नीच और पाखंड का अंधकार फैला हुआ था। उन्होंने किसी शास्त्र या किताबी ज्ञान से नहीं, बल्कि अपने सरल आचरण और कर्म से दुनिया को भक्ति का सही मार्ग दिखाया। गुरु रविदास समाज सेवी ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश ने कहा कि आज भी गुरु रविदास के विचारों की प्रासंगिता ओर भी बढ़ गई है। कार्यक्रम में भाजपा नेता रोहतास देशवाल, संदीप मलिक, हिमांशु वीरमणि, संदीप मेहरा आदि ने भाग लिया।

### रविदास को नमन किया

पानीपत। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने जिले वासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया है। संत रविदास का जीवन और विचार आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव और उंच नीच के विरुद्ध आवाज उठाते हुए समानता, प्रेम और मानवता का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। संत रविदास को नमन किया।

### आर्य कॉलेज ने वॉलीबॉल में सिल्वर मेडल जीता

**पानीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल में हरियाणा उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय (डीजीएचई) द्वारा आयोजित चार दिवसीय पुरूस व महिला इंटर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की महिला टीम ने सिल्वर मेडल जीता है। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने महिला टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश और उनके सभी सहयोगियों को बधाई दी। जबकि आर्य कॉलेज के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने अपने बधाई संदेश में पूरे आर्य कॉलेज परिवार को इस शानदार जीत की बधाई देते हुए कहा कि, आर्य कॉलेज की छात्राएं भी हर क्षेत्र कॉलेज का नाम रोशन कर रही हैं। इधर, प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज की विजेता टीम में ज्योति कप्तान, आरती, तन्नू, नाजिया, सीमा, प्रेरणा व स्मृति शामिल रही। वहीं विजेता टीम को खेल निखारने के लिए आर्य कॉलेज प्रशासन हर संभव सहयोग देगा।




पानीपत। आर्य कॉलेज की विजेता वॉलीबॉल टीम अतिथियों के साथ।

# पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में जुटे हैं प्रो. दलजीत

## 60 हजार से अधिक पौधे रोप चुके हैं ग्रीनमैन दलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देते हुए, देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रीनमैन दलजीत कुमार की और से 'ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा, ग्रीन भारत अभियान बीते एक दशक से कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कई स्थानों पर हर्बल गार्डन, हर्बल बॉटनिकल गार्डन, ऑक्सीजन बाग, फ्रूट बाग और हर्बल मेडिटेशनल गार्डन विकसित किए। यह कार्य ग्रीनमैन ने 15 प्रतिशत अपने निजी वेतन से किए हैं। ग्रीनमैन दलजीत राज्य के विभिन्न जिलों में 28 से अधिक स्थानों राजकीय कन्या महाविद्यालय पाढ़ा (करनाल) में स्वामी दयानंद सरस्वती हर्बल बॉटनिकल गार्डन, राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका (कैथल) में कल्पना चावला हर्बल बॉटनिकल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय भूना (फतेहाबाद) में हरियाणा का पहला हर्बल मेडिटेशनल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय बड़ौता, सोनीपत में एन. इस.एस हर्बल बॉटनिकल गार्डन, शहीद उधमसिंह राजकीय महाविद्यालय मटकमाजरी, करनाल में शहीद उधमसिंह हर्बल बॉटनिकल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में श्री गुरु तेगबहादुर हर्बल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में हर्बल गार्डन, सीटी थाना पानीपत में हर्बल पार्क,राजकीय कन्या महाविद्यालय सोनीपत में नैनो हर्बल गार्डन प्रमुख है। इसके अलावा देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में हर्बल बॉटनिकल गार्डन, हरियाणा के कॉलेजो का पहला रोजगारोन्मुखी, ऑक्सीजन फ्रूट बाग और पक्षी विहार, आई बी कॉलेज पानीपत में हर्बल बॉटनिकल गार्डन, शुगर मिल्स पानीपत में हर्बल ऑक्सीजन बाग , रिफाइनरी पानीपत में हर्बल गार्डन,, स्काईलार्क टूरिस्ट रिसोर्ट पानीपत में स्काईलार्क हर्बल गार्डन , सिविल अस्पताल पानीपत में हर्बल गार्डन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान एल्डिको पानीपत में नैनो हर्बल गार्डन सहित अनेक स्थानों पर हर्बल गार्डन स्थापित कर चुके है। जबकि प्रो.दलजीत, राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना को ग्रीन महाविद्यालय बना चुके है।ग्रीनमैन दलजीत ने युवा खिलाड़ियों को हरित व ऑक्सीजन युक्त वातावरण देने के लिए घरौंडा स्टेडियम को ऑक्सीजन खेल स्टेडियम के रूप में बदल चुके है। जबकि कोहंड खेल स्टेडियम में बड़ी संख्या में पेड़ लगाकर खेल स्टेडियम को ऑक्सीजन खेल स्टेडियम में बदलने का काम जारी है। दलजीत ने अभियान के तहत समाज को जोड़ने के लिए कई मुहिम चलाई जा रही है, जिनमें एक पौधा अपने नाम घर : एक पौधा माता-पिता के नाम पर प्रत्येक वर्ष लगाएं 'एक पौधा बुजुर्गों के नाम', ' बेटा बेटी एक सम्मान : एक पौधा बेटी के नाम, 'राष्ट्रीय वृक्ष बरगद रोपण अभियान', 'हर्बल पौधों का लंगर अभियान प्रमुख है।



### 2019 में कृष्णलाल पंवार ने दी 'ग्रीनमैन' की उपाधि

उन्होंने राजकीय महाविद्यालय इसराना व देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सूखे पत्तों से जैविक खाद बनाकर हजारों विद्यार्थियों, किसानों व गणमान्य लोगों को जैविक खाद बारे जागरूक कर चुके है वहीं हरियाणा के अन्य सात महाविद्यालयो में जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण और केंद्र स्थापित किए हैं। इधर, प्रो. दलजीत ने बताया कि उनके प्रयासों से अब तक 60 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके है और 10 हजार से अधिक विद्यार्थी व गणमान्य नागरिक इन अभियानों से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण अभियान वर्ष 2014 में शुरू किया था 2019 में कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने 'ग्रीनमैन' की उपाधि दी। वर्ष 2024 में हरियाणा के राज्यपाल रहे बंडारू दत्तात्रेय के हाथों राज्य स्तरीय पुरस्कार, राष्ट्रीय भीम रत्न अवॉर्ड-2021,राष्ट्रीय स्तर पर सुंदरलाल बहुगुणा समाज समर्पण अवॉर्ड 2024, 2024 में ही अंतरराष्ट्रीय लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और सात बार बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण के लिए दो अंतरराष्ट्रीय,सात राष्ट्रीय पुरस्कार,अनेक राज्य स्तरीय सहित 200 से अधिक संस्थाओं से सम्मान मिल चुका है।

# गो सेवा से ही परमार्थ मिल सकता है : अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

- गवाल गो सेवा चिकित्सा व संरक्षण समिति ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



बाबरपुर मंडी में गवाल गो सेवा चिकित्सा और संरक्षण समिति हरियाणा द्वारा छठा वार्षिक स्थापना सम्मान समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मार्किट कमेटी पानीपत के चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री व अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजबीर सिंहरोहा ने की। जबकि आचार्य संजीव वेदालंकार ने वैदिक मंत्रोच्चार से अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने किया। कार्यक्रम में बद्रीनाथ से आचार्य हरि चैतन्य महाराज उपस्थित रहे। गवाल गो सेवा चिकित्सा संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. राजबीर सिंहरोहा, महासचिव डॉ. शमशेर सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं डॉ. बलजीत आर्य ने मुख्य अतिथि अवतार सिंह शास्त्री को पुष्पपुंज देकर स्वागत किया। इधर, अवतार शास्त्री ने कहा कि परमार्थ का रास्ता केवल गौ सेवा से ही मिलता है। निस्वार्थ भाव से की गई सेवा निष्फल नहीं होती है। गवाल गो सेवा चिकित्सा संरक्षण समिति गो सेवा के साथ साथ बेसहारा गोवंश के चिकित्सा एवं उपचार के लिए भी विशेष कार्य करती है।

### महाशिवरात्रि पर लगेगा भंडारा



**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की मीटिंग रविवार को अध्यक्ष प्रवीण जैन की अध्यक्षता में अग्रवाल मंडी कार्यकाल पर हुई। जिसमें आगे प्रोग्राम पर विचार विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर जीटी रोड पर विशाल भंडारा लगाया जाएगा व 19 मार्च को अग्रवाल मंडी कार्यकाल पर दिव्यांग भाइयों को हाथ रिक्शा वितरण की जाएगी। इसके अलावा अप्रैल में मेहंदीपुर बाला जी, खाटू श्याम, सालासर बालाजी, दादी सती की निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। यही नहीं जरूरत की जगह जहां बिजली पानी की व्यवस्था हो व रिपेयरिंग की जिम्मेदारी लेंगे वहां पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे।

# रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कंला में संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से इनसो नेता व ब्लाक समिति सदस्य राजिंदर जैलदार और समाज सेवी फुले राम भान ने शिरकत की। जैलदार ने बताया की हम सबको गुरु जी के विचारों पर अमल कर उनकी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ओर समाज की समता का भाव स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज से ऊंच-नीच की परम्परा को समाप्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया। जिसे बनाए रखने के लिए हमें भी कार्य करना होगा। वहीं महिलाओं ने कलश लेकर गांव की परिक्रमा की। भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अमरजीत भान, दलीप भान, रामस्वरूप, पवन, बृजपाल व राजेश भान आदि मौजूद रहे।



पानीपत। गांव आसन कलां में इनसो नेता व ब्लाक समिति सदस्य राजिंदर जैलदार को सम्मानित करते हुए आयोजक।



पानीपत। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में सत्संग करते हुए साध्वी भावना भारती।

# समाज की तरक्की में रुकावट है जातिवाद : भावना भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में आयोजित सत्संग में साध्वी भावना भारती ने बताया संत रविदास जयंती सभी धर्म के लोगों के द्वारा समानता एकता और अध्यात्मिक स्वतंत्रता के संदेश को फैलाने के लिए मनाई जाती है। जातिवाद समाज की तरक्की में रूकावट है। वहीं रविदास महान संत होने के साथ कवि, दार्शनिक और समाज सुधारक भी थे। वे, स्वभाव से ही दयालु और सरल थे। उन्होंने अपना अधिकांश समय ईश्वर की भक्ति में लगाया और समाज को ईश्वर एक है का संदेश दिया। एक परमात्मा की उपासना पर जोर दिया उनके दोहे भजन आज भी लोगों के दिलों में गूंजते हैं और समाज को एकता का संदेश देते हैं। संत रविदास का जीवन गरीबी और संघर्ष से भरा हुआ था लेकिन उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी है वे समानता और भाईचारे के प्रचारक थे। जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ थे।

**सम्मेलन** हिंदू सम्मेलन सनातन संस्कृति, एकता, सामाजिक समरसता को मजबूत करने का मंच

हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य केवल लोगों को एक मंच पर इकट्ठा करना नहीं, बल्कि समाज के भीतर छिपी सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव और आत्मबोध को जागृत करना है

# विश्व को सद्भावना का संदेश देता है श्री सनातन धर्म : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत



पानीपत। सौंधापुर में हिंदू सम्मेलन में मंचासीन अतिथि। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के सौंधापुर के राजकीय स्कूल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। हिंदू सम्मेलन में समाज के सभी वर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम वंदे मातरम गान के साथ आरंभ हुआ। इधर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामानंद सैनी, विशिष्ट अतिथि रामकिशन चौहान वह मुख्य वक्ता महेंद्र कंसल प्रांत गौ सेवा संयोजक (आरएसएस) रहे।

वहीं, रामानंद सैनी ने कहा हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य केवल लोगों को एक मंच पर इकट्ठा करना नहीं, बल्कि समाज के भीतर छिपी सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव और आत्मबोध को जागृत करना है। ऐसे सम्मेलन हमारी प्राचीन परंपराओं, मूल्यों और संस्कारों की याद दिलाते हैं, जो समय के साथ धुंधले पड़ते जा रहे हैं।

यह जागरण समाज में एकता, अनुशासन, सेवा भाव और राष्ट्रीय को मजबूत करता है तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं, रामकिशन चौहान ने कहा हिंदू समाज हजारों वर्षों से सनातन संस्कृति का संवाहक रहा है, जिसने "वसुधैव कुटुम्बकम" और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे महान मूल्यों को जीवन में उतारा है। यह समाज विविधताओं के बावजूद एकता में विश्वास करता है और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की परंपरा को आगे बढ़ाता है। सनातन संस्कृति के संस्कार, सहिष्णुता और सेवा भाव हिंदू समाज की पहचान हैं, जो सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। आज के समय में हिंदू समाज का यह मंच संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकजुटता और सकारात्मक राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। श्री सनातन धर्मविश्व को सद्भावना का संदेश देता है।

### देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

महेंद्र कंसल ने कहा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, चरित्र निर्माण और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। संगठन ने समाज को संगठित करने के लिए शाखा प्रणाली शुरू की, जहां शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सेवकों का निर्माण किया जाता है। वहीं, संघ के स्वयं सेवकों ने समय के साथ शिक्षा, सेवा, आपदा राहत, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए। समाज के नैतिक व राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर देता है। कार्यक्रम में राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल, राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

## खबर संक्षेप

### चार लाख की एवज में वसूले 28.35 लाख

**अंबाला।** अंबाला शहर की एक महिला को कर्ज देकर न केवल उससे लाखों रुपये वसूले गए बल्कि उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बनाया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सिटी थाना में आरोपी जगजीत सिंह बत्रा के खिलाफ धोखाधड़ी, जबरन वसूली और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि 2023 में उन्होंने घरेलू जरूरतों के लिए आरोपी जगजीत सिंह से 4 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोपी ने पहले 3 प्रतिशत ब्याज की बात कही लेकिन बाद में 10 प्रतिशत मासिक ब्याज और 2,200 रुपये प्रतिदिन की वसूली शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि वह अब तक कुल 28.35 लाख रुपये चुका चुकी है लेकिन आरोपी का लालच खत्म नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार आरोपी ने सुरक्षा के नाम पर पीड़िता के खाली चेक और हस्ताक्षर किए हुए स्टांप पेपर ले लिए थे। अब आरोपी उन्हीं दस्तावेजों का दुरुपयोग कर पीड़िता को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी रात के समय उसके घर आता था और समझौता करने के बदले शारीरिक संबंध बनाने की मांग करता था, मना करने पर आरोपी ने 9.50 लाख का फर्जी चेक बाउंस करवा कानूनी नोटिस भेज दिया।

### वकील पर हमला करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर केस

**अंबाला।** अंबाला छावनी तहसील परिसर में अधिवक्ता विकास नाथ परुथी पर हमला करने वाले दो प्रॉपर्टी डीलर रवि व गुरपाल पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। विकास की तहरीर पर दोनों आरोपियों पर ऑर्म्स एक्ट सहित मारपीट की धारा 115, अवैध रूप से रोकना 126, जान से मारने की धमकी देने 351(2) की धाराओं के तहत कार्रवाई हुई। शुक्रवार को तहसील खुलने के बाद सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। इसमें दिखाई दे रहा है कि पहले तो जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा होता है। इतने में रवि व गुरपाल अधिवक्ता पर हमला दिया। अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस को दी शिकयत में अधिवक्ता विकास नाथ परूथी ने बताया कि वह कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। कुछ समय पहले बब्याल में पॉवर हाउस रोड पर दुकानें रवि बब्याल को बेची थी। बयाने की तारीख के मुताबिक रजिस्ट्री की तारीख निकल गई थी। रवि तारीख बढ़ाने के लिए दबाव डाल रहा था। मना करने पर कहने लगा था।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया जनता के हाथ में झुनझुना

अंबाला। बजट पर सत्ता पक्ष ने इसे विकासोन्मुखी बताते हुए कहा कि इससे गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। विपक्ष ने बजट को जनविरोधी करार देते हुए महंगाई, बेरोजगारी और कर बढ़ोतरी पर सरकार को घेरा और वादों को खोखला बताते हुए सुधारों पर सवाल भी उठाए। बजट को जनता के हाथ में झुनझुना बताया।

**केंद्रीय बजट पेश होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू, पक्ष वाले बता रहे विकसित भारत की मजबूत नींव, विपक्षी बता रहे छलावा**

### देश को आगे ले जाएगा बजट: विज



केंद्रीय बजट की प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरदृष्टि, संतुलन और समावेशी विकास की सोच के साथ तैयार किया गया है, ताकि समाज के हर वर्ग को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह बजट "बुलेट ट्रेन की गति" से देश को आगे ले जाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस केंद्रीय बजट में किसान, श्रमिक, मध्यम वर्ग, उद्योग, युवा और महिलाओं के हितों का समुचित ध्यान रखा गया है। यह बजट न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि भविष्य की आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।उन्होंने बताया कि बजट में एमएसएमई सेक्टर, फार्मा उद्योग और कपड़ा निर्माण को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और आम आदमी की जरूरतों से जुड़ी वस्तुएं सुलभ और किफायती बनेंगी। उन्होंने कहा कि कैंसर की दवाओं और उपचार से जुड़े उपकरणों पर ड्यूटी में कटौती कर सरकार ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया है।

### बजट से प्रदेश की जनता निराश : जैन



केंद्रीय बजट को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने बेहद निराशा जताई। उन्होंने कहा कि बजट से प्रदेश की जनता भी बेहद निराश है। खासकर नागरिकों को उम्मीद थी कि केंद्रीय बजट के जरिए मिलने वाले पैकेज से उनकी आर्थिक दिक्कतों का समाधन होगा। खासतौर पर वास्तविक समस्याओं का समाधान होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि केंद्रीय बजट में प्रदेश की पूरी तरह से अनदेखी की गई। बजट में न तो प्रदेश के किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान किया गया न बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कोई स्पष्ट योजना दिखाई दी। दलितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं और मंदी से जूझ रहे व्यापारियों के लिए भी यह बजट निराशाजनक साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश की जनता का भला होने वाला नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 90 मिनट के भाषण के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि बजट को लेकर सरकार की ओर से जो माहौल बनाया गया जमीनी स्तर पर वह पूरी तरह से खोखला निकला।

### आंकड़ों की चमक में दबी जनता की पीड़ा



अंबाला केंद्रीय बजट 2026–27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि यह बजट जनता की आशाओं का नहीं, बल्कि प्रशासनिक औपचारिकताओं का दस्तावेज़ बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि बेरोज़गारी, महंगाई, किसानों की आय, युवाओं के भविष्य और मध्यम वर्ग की राहत जैसे मूल प्रश्नों पर सरकार ने चुप्पी साध ली, जबकि बड़े आंकड़ों और तकनीकी शब्दों के सहारे एक आकर्षक तस्वीर पेश करने का प्रयास किया गया। सरवारा ने कहा कि वित्तीय दृष्टि से यह बजट न तो घरेलू मांग को बल देता है, न ही छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ठोस संबल प्रदान करता है। रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय हाशिये पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट संवेदना से अधिक संरचना का प्रतीक है, जिसमें आम आदमी की थाली, किसान की फसल और युवा की नौकरी कहीं दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि सच्चा विकास वही होता है जो अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, लेकिन इस बजट में वह दृष्टि अनुपस्थित है। अंत में चित्रा सरवारा ने कहा कि जनता अब केवल घोषणाएं नहीं, परिणाम चाहती है — और यही इस बजट की सबसे बड़ी कमी है।

### आम आदमी की उम्मीदों पर फिरा पानी



केंद्रीय बजट 2026–27 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अंबाला शहर के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि यह बजट आर्थिक विवेक से अधिक राजनीतिक औपचारिकताओं का दस्तावेज़ बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़े आंकड़ों और तकनीकी शब्दावली के सहारे एक आकर्षक तस्वीर खींचने का प्रयास किया है, लेकिन आम नागरिक की रोज़मर्रा की पीड़ा—बेरोज़गारी, महंगाई, किसानों की आय, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और मध्यम वर्ग को राहत—इन मूल प्रश्नों पर बजट मौन साधे रहा। निर्मल सिंह ने कहा कि वित्तीय दृष्टि से देखें तो यह बजट उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने में असफल दिखाई देता है। घरेलू मांग को बढ़ाने, छोटे व्यापारियों को संबल देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया। पूंजीगत व्यय और योजनाओं की लंबी सूची जरूर प्रस्तुत की गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इनका प्रत्यक्ष लाभ आम आदमी तक कब और कैसे पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के हाथ इस बजट में लगभग खाली ही रहे।

## जिलेभर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर हुए कार्यक्रम

# मंत्री विज ने रविदास जयंती पर दिया गर्व से काम करने का संदेश

**गुरू रविदास का समाज व सभ्यता के निर्माण में बड़ा योगदान: मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मंत्री अनिल विज को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते प्रबंधक।



**अंबाला।** मत्था टेककर आशीर्वाद लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास ने सबसे बड़ा संदेश दिया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा यानि हम मन को ठीक कर लें तो सब कुछ हमारे पास बैठे बिठाए आ जाएगा तथा हम जो भी कार्य करें उसे गर्व से करें। यही गुरूजी का संदेश है। विज रविवार को संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की जयंती के पावन अवसर पर रविदास मंदिर में माथा टेकने के उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गुरू रविदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास का हमारे समाज व सभ्यता के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कई तरीकों से समाज को एक करने का काम किया है। वैसे तो गुरू रविदास जूतियां गाठने का काम करते थे, लेकिन गर्व से करते थे। यहीं सीख एवं उपदेश है कि हम जो भी कार्य करें उसे गर्व से करें। उस समय भक्तियुग का समय था और उन्होंने सारे शास्त्रों का मूल मंत्र दिया मन चंगा तो कठौती में गंगा। यदि मन ठीक है तो सबकुछ तेरे पास बैठे बिठाए आएगा यह बहुत बड़ा संदेश संत शिरोमणि गुरू रविदास ने दिया। रविदास जी ने समानता का भी संदेश दिया जोकि बहुत बड़ा संदेश है जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत है कि हम सब एक रहकर देश को आगे ले जाने का काम करें। इससे पहले ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गुरू रविदास जयंती के अवसर पर गांव घसीटपुर स्थित रविदास मंदिर व 12 क्रॉस रोड पर जाटव पंचायत धर्मशाला परिसर स्थित मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकते हुए माथा टेका व आशीर्वाद लिया।

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री गुरु रविदास महाराज के पावन प्रगट उत्सव के शुभ अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न श्री गुरु रविदास महाराज के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धा भाव से शीश नवाया और मत्था टेका।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसरों में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संगत को संबोधित करते हुए असीम गोयल ने सभी को श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रगट उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को सत्य, समानता, भाईचारे और मानवता का अमूल्य संदेश दिया। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में गुरु रविदास के आदर्शों को अपनाते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपने पैतृक गांव नन्योला पहुंचकर भी असीम गोयल ने माथा टेका और लंगर वितरित कर सेवा की।

### गुरु रविदास ने ऊंच-नीच के भेदभाव को किया कम

पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने लोगों को कर्म, भक्ति और सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख दी। असीम गोयल ने कहा कि आज के समय में गुरु रविदास जी के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं, क्योंकि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समरस, सशक्त और समान समाज का निर्माण किया जा सकता है। असीम गोयल ने आगे कहा कि गुरु रविदास महाराज का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक उत्थान से भी जुड़ा हुआ है।



**अंबाला।** संत रविदास जयंती मनाते प्रबंधक। *फोटो : हरिभूमि*

### केक काटकर मनाई गई संत रविदास जयंती

**अंबाला।** अंबाला शहर के नया गांव कृष्णा कॉलोनी में श्रद्धा व उत्साह से संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नया गांव कृष्णा कॉलोनी कमेटी के सदस्यों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की और प्रसाद स्वरूप जलेबी वितरित की। इसके उपरांत संगत के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया। कमेटी के प्रधान बबली तथा उपप्रधान कुलविंदर सिंह ने गुरु रविदास की प्रतिमा को नमन करते हुए कहा कि गुरु रविदास हमारे देश के महान संतों में से एक थे। उन्होंने समानता, न्याय और करुणा पर आधारित समाज का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और समाज के सभी वर्गों के लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में शैंटी, गज्जी,जॉनी, मेजर, हरपाल, भोला, विक्की, हैप्पी, मंग्गा, मंग्गू सहित अन्य सदस्यों ने विशेष योगदान दिया।



**अंबाला।** नंबरदार सुरेश पाल को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

### संत रविदास ने मिटाया ऊंच-नीच का भेदभाव

**नारायणगढ़।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के पावन अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भाई एवं समाजसेवी नंबरदार सुरेश पाल ने गांव अंधेरी और मिर्जापुर काठ में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर श्रद्धालुओं के साथ गुरु रविदास जी को नमन किया। सुरेश पाल ने दोनों गांवों के गुरु रविदास मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा उन्हें शिरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। सुरेश पाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने विचारों और उपदेशों के माध्यम से समाज से ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास का प्रसिद्ध वचन "मन चंगा तो कठौती में गंगा" अब भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यदि मन पवित्र और सकारात्मक हो, तो जीवन स्वयं पवित्र बन जाता है।

## गुरु रविदास की वाणी दिखाती है असली सामाजिक समरसता का पथ: निर्मल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** रामनगर में मत्था टेकते विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर अंबाला शहर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने अम्बाला शहर के कैथ माजरी,गुरु रविदास बस्ती,रामदास नगर में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर सभा के प्रमुख लोगों द्वारा निर्मल सिंह जी को स्मृति चिन्ह व दोशाला भी भेंट किया गया।इस अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि गुरु रविदास केवल एक संत नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक चेतना के महान उद्‌घोषक और बराबरी पर आधारित समाज के स्वप्नदृष्टा थे। उनकी वाणी आज भी दलित,वंचित और उपेक्षित वर्गों को आत्मसम्मान,शिक्षा और संघर्ष की प्रेरणा देती है। निर्मल सिंह ने कहा कि गुरु रविदास ने ऐसी परिकल्पना की है, वह ऐसा समाज है जहां भूख नहीं, भय नहीं और भेदभाव नहीं। जहां हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार हो। यही उनकी सामाजिक क्रांति थी — बिना तलवार के, बिना सत्ता के, केवल विचार और करुणा के बल पर। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास की शिक्षा स्पष्ट है मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं, उसके कर्म से होती है।

### संत रविदास महाराज को किया श्रद्धा से नमन

**अंबाला।** कई जगह बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्राएं, दोपहर के हर मंदिर में लगाया गया लंगर, पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गया संत रविदास महाराज का जयंती समारोह संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का प्रकाशोत्सव रविवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से संत रविदास महाराज के मंदिरों में मत्था टेकने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने संत रविदास महाराज के दर्शन कर मन्नतें मांगी। साथ ही उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। तमाम रविदास मंदिरों में धार्मिक आयोजन के बाद लंगर लगाए गए।



**बराड़ा।** कार्यक्रम में शिरक्त करते हुए विधायक पूजा चौधरी।

### गुरु रविदास ने विश्व को दिया एकता का संदेश: चौधरी

**बराड़ा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के पावन प्रकाशोत्सव के अवसर पर विधायक पूजा ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर श्रद्धालुओं को गुरु जी की पवित्र जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक पूजा ने गुरु रविदास के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धेय गुरु रविदास महाराज ने मानवता, विश्व बंधुत्व एवं सामाजिक समरसता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने अपने विचारों और रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया और विश्व समुदाय को एकता, अखंडता तथा भाईचारे की राह दिखाई। विधायक पूजा ने कहा कि गुरु रविदास की उक्ति मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी जन-जन की जुबान पर है, जो मानव मूल्यों, नैतिकता और आंतरिक पवित्रता के महत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि संतों ने सदैव अपनी उच्च सोच और कर्मों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



**अंबाला।** चित्रा सरवारा को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

### संत रविदासकी चेतना ही लोकतंत्र की असली शक्ति

**अंबाला।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में चित्रा सरवारा ने छावनी के घसीटपुर,रामपुर,चंदपुरा व महेश नगर इत्यादि इलाको में गुरु महाराज जी के चरणों मे नमन किया इस अवसर पर मंदिर व गुरुघरों की समितियों द्वारा चित्रा को स्मृति चिन्ह व सिरोपा भी भेंट किया गया। जनसमूह को संबोधित करते हुए चित्रा सरवारा ने कहा कि गुरु रविदास केवल भक्ति परंपरा के संत नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक बराबरी के प्रथम राजनीतिक दार्शनिक थे। वह एक ऐसे समाज की संरचना चाहते थे जहाँ सत्ता नहीं, संवेदना सर्वोपरि हो।चित्रा ने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि शासन वही श्रेष्ठ है, जो अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक की पीड़ा को अपनी नीति का केंद्र बनाए।उन्होंने कहा कि रविदास समाज सदियों से श्रम,संयम और संघर्ष की संस्कृति का वाहक रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक दलित समाज को निर्णायक हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तब तक विकास का हर दावा अधूरा रहेगा।

## समानता व प्रेम के महान संदेशवाहक थे संत रविदास महाराज: संजय धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**अंबाला।** योग साधक संत रविदास महाराज का आशीर्वाद लेते हुए।

भारतीय योग संस्थान परिवार, नारायणगढ़ द्वारा रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के सभी योग साधकों ने संत गुरु रविदास को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। भारतीय योग संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास मानवता, समानता और प्रेम के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने संत रविदास के प्रसिद्ध वचन मन चंगा तो कठौती में गंगा का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मन पवित्र और सच्चा हो तो ईश्वर की अनुभूति स्वतः होती है। उन्होंने योग साधकों से अपने जीवन में पवित्र विचार, सेवा भावना और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संत रविदास जी के विचार समाज को जोडऩे वाले हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, मनोज वालिया, राजेश वर्मा, मानसिंह, संजय, विनोद, प्रवीण, अजीत त्यागी, महिपाल, सुंदर पाल सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

**डीएवी कॉलेज के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के मार्ग दर्शन में हुआ कार्यक्रम**

# 100 कुंडीय महायज्ञ से नशा मुक्त राष्ट्र का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



फोटो 1 हवन यज्ञ में भाग लेते हुए परिवार के सदस्य।

नशा मुक्त राष्ट्र अभियान के तहत डीएवी द्वारा मां शाकंभरी मंदिर परिसर उगाला में रविवार को 100 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के उत्साहपूर्ण नेतृत्व में संपन्न हुआ। यह डीएवी द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित तीसरा 100 कुंडीय महायज्ञ रहा। इस आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन में लगभग 100 बच्चों ने 100 कुंडों के समक्ष बैठकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कीं। मंत्रों की गूंज और यज्ञाग्नि की पवित्रता से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मकता से भर उठा। प्रत्येक आहुति समाज से नशे को जड़ से समाप्त करने की प्रतिज्ञा का प्रतीक बनी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नशा विरोधी नुक्कड़ नाटिका ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मंदिर प्रधान अनिल राणा, उपप्रधान नेत्रपाल जैन, कैशियर मुकेश जैन, सचिव देवेंद्र राणा, राम मंदिर प्रधान लकी राणा, गूगामाड़ी प्रधान विजय राणा, मीडिया प्रभारी अनुभव जैन, अरविंद राणा, ओमपाल राणा, गुरप्रीत भोला, अश्विनी शर्मा, मोनू सिंगला, मांगा राम चौहान, जल सिंह राणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, मंदिर कमेटी के सदस्य, अभिभावकगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।